श्रग बनाना सीखे

इस वीडियो में आप सीखेंगे एक सुन्दर डिज़ाइनर श्रग बनाना।

एक श्रग बनाने के लिए आपको चाहिए 87×67cm कपड़े का टुकड़ा। आप अपनी पसंद के हिसाब से कोई भी फैब्रिक इस्तेमाल कर सकते हैं, वो लेसी हो या फर्री, या सेक्विन के साथ। हमेशा की तरह आपको बीडेड पिन्स की ज़रूरत पड़ेगी और आखिर में आपको चाहिए होगा एक कपड़े का फूल सजाने के लिए।

अब फैब्रिक को उल्टा पलट लीजिये, छोटी साइड से शुरू करके एक चौथाई इंच छूट देते हुए कपड़े को डबल फोल्ड कीजिये। ऐसे करते हुए इस फोल्ड को आप बीडेड पिंस के साथ जोड़ कर रखिये। कपड़े के इस तरफ के दूसरे छोर तक पहुँचने तक ऐसा करते जाइये।

कपड़े के दूसरी ओर को मोड़ने के लिए ये प्रक्रिया दोबारा दोहराएं। दूसरे छोर पर जाते हुए मोड़ को पिन्स के साथ जोड़ कर रखिये।

अब तैयार किये हुए कपड़े को सिलाई मशीन पर ले जा कर सुई के अंदर की मोड़ को अलाइन कीजिये। कपड़े को अलाइन करके प्रेशर फुट को नीचे लाइए। आगे जाते हुए पिन्स को निकालना न भूलें।

दूसरी ओर भी ऐसा ही कीजिये। स्टिट्चेस को सीधी रेखा में रखने की कोशिश करें।

अब दूसरी साइड से ऊपर आते हुए कपड़े को टेबल पर रखिये। सिले हुए कोने को मोड़िये ताकि वो केंद्र में मिलें। कोना 90 डिग्री होना चाहिए और कोने सही ढंग से मैच होने चाहिए।

अब दूसरी साइड भी ऐसा ही कीजिये।

बाहरी पॉइंटेड कोने से अंदर की ओर 17cm मार्क कीजिये। बायीं साइड्स मिला के कपड़े को पकड़ने के लिए ऊपर उठाएं और मटेरियल को उल्टा कीजिये छूट को मिलाने के लिए पकड़ के पिन कीजिये।

सामने वाले साइड में भी ऐसा ही कीजिये।

उसके बाद कपड़े को मशीन पर ले जा कर और 17 cm मार्क से लेके फ्लैट साइड की तरफ सिलाई कीजिये। अब पिन्स पर पहुँचने तक पिन्स को निकालना मत भूलिए। ये निर्धारित कीजिये की आपने स्टिच को लॉक किया है।

दूसरी साइड में भी ऐसा ही कीजिये। अब सिले हुए कपड़े को टेबल पर रखें। आप देखेंगे कि आपने अब तक अंत से 10 cm सिलाई की है।

रॉ एज को खत्म करने के लिए एक चौथायी इंच छूट देते हुए सीम को जोड़ से शुरू करते हुए सीम खोल दीजिये और फैब्रिक को डबल फोल्ड कीजिये। मोड़ को सिक्योर करने के लिए बीडेड पिन्स का इस्तेमाल कीजिये।

मोड़ के शुरुआत पॉइंट पहुँचने तक पूरे कपड़े पर ऐसा कीजिये कपड़े को मशीन पर लगाइये और उसे प्रेशर फुट एज से अलाइन कीजिये फुट को नीचे करके सिलाई शुरू कीजिए।

अंत तक पहुँचने पर स्टिच को लॉक कीजिये मशीन से निकालें और उसे अंदर से बाहर पलटाएं। आपका श्रग अब तैयार है।

अगर आप थोड़ा आकर्षण जोड़ना चाहेंगे तो आप एक ब्रोच को जोड़ सकते हैं ताकि वो और सुन्दर दिखे।

रंगों और मैटेरियल्स के साथ एक्सपेरिमेंट कीजिये। आपके सृजन शीलता को बहने दीजिये और अपने प्रियतम को ये अनुपम उपहार भेंट में दीजिये।